RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com | PK Times News | thepktimesofficial | pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे

www.loktodaynews.com

'अशांत मन को नियंत्रित करना आवश्यक है, अन्यथा यह शत्रु की तरह व्यवहार करता है।'

-श्रीमद्भगवद्गीता

वर्ष - 12 | अंक - 262 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | सोमवार, 30 मार्च, 2026

# सीकर के खाटूश्यामजी में लगेगा रोपवे, भक्तों को मिलेगी सुविधा

## लोगों से आपत्तियां मांगी, दो किलोमीटर के रूट के लिए प्रोजेक्ट प्रस्तावित

**लोक टुडे। खाटूश्यामजी**

खाटूश्यामजी के भक्तों के लिए अच्छी खबर है। जल्द ही यहां आने वाले भक्तों को रोपवे की सुविधा मिल सकती है। दो किलोमीटर के रूट के लिए प्रोजेक्ट प्रस्तावित है और इस संबंध में आपत्तियां मांगी गई हैं। जानकारी के अनुसार, यह रोपवे ट्रैफिक डायवर्जन प्वा-इंट, नगरपालिका कार्यालय से लेकर गुरुजी मेडिकल होते हुए खाटूश्यामजी मंदिर तक बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के कंस्ट्रक्शन, संचालन और प्रबंधन के लिए श्री श्याम इन्फ्रा प्रोजेक्ट, जयपुर द्वारा जिला कलेक्टर को लाइसेंस करार का ड्राफ्ट प्रस्तुत किया गया है। इधर, नगरपालिका खाटूश्यामजी ने इस संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी कर दी है। आमजन से 30 दिनों के भीतर अपने सुझाव व आपत्तियां जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। नगरपालिका प्रशासन ने बताया कि इच्छुक नागरिक इस परियोजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी नगरपालिका कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं। बता दें कि खाटूश्यामजी में हर साल करीब 70 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन करने के लिए आते हैं। ऐसे में रोप वे की सुविधा शुरू होने के बाद भक्तों को बड़ी राहत मिलेगी।



### अभी लगती है लम्बी कतारे

वर्तमान समय में दर्शन करने को लेकर लम्बी लम्बी कतारे लगती है। करीब दो किलोमीटर तक दर्शन करने को घंटो समय लग जाता है। कई बार अव्यवस्था के चलते भक्तों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है खासकर बुजुर्ग, महिलाओं व बच्चो को काफी तकलीफ होती है। ऐसी स्थिति कई बार दर्शन को आतुर भक्तो को सही से दर्शन भी नहीं होते है। खासकर फाल्गुनी मेले में लाखो भक्तों की कतारे लगती है। ऐसे में उनकी सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर मंदिर कमेटी और पुलिस प्रशासन को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। रोपवे शुरू होने के बाद भक्तो को दर्शन करने काफी आराम मिलेगा और समय की भी बचत होगी।

# रास्ते खुले तो खिले चेहरे; महज 17 महीने और 1800 से ज्यादा रास्तों पर आवागमन हुआ सुगम

## जयपुर जिला प्रशासन का रास्ता खोलो अभियान सुशासन की नई पहचान, फागी रहा अव्वल

**लोक टुडे। जयपुर**

एक प्रशासनिक पहल आमजन के जीवन में किस तरह ठोस और सकारात्मक बदलाव ला सकती है, इसका जीवंत और प्रेरक उदाहरण जयपुर जिले की लसाड़िया पंचायत में देखने को मिलता है। कभी गडूड़ा से चकवाड़ा तक पहुंचना ग्रामीणों के लिए काफी परेशानी भरा था। 17 किलोमीटर का लंबा और थकाऊ सफर, समय की बबार्दी और रोजमर्रा की परेशानियां उनकी नियति बन चुकी थीं। लेकिन आज वही रास्ता उम्मीद, राहत और बदलाव की कहानी कहता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से चलाए जा रहे रास्ता खोलो अभियान के तहत 30 वर्षों से बंद पड़ा यह मार्ग जब खुला, तो मानो ग्रामीणों की जिंदगी ही बदल गई। अब गडूड़ा से चकवाड़ा की दूरी 17 किलोमीटर से सिमटकर महज 7 किलोमीटर रह गई है। यह केवल दूरी कम होने की बात नहीं, बल्कि रोज की मशक्कत, अतिरिक्त खर्च और समय की बबार्दी से मुक्ति की कहानी है। ग्रेवल सड़क बनने से यह राहत और भी सहज हो गई है, अब किसान अपनी उपज आसानी से बाजार तक पहुंचा पा रहे हैं, बच्चे बिना थके स्कूल जा रहे हैं और जरूरत के समय चिकित्सा सुविधाएं भी तेजी से उपलब्ध हो पा रही हैं। लसाड़िया की यह सफलता की कहानी भले ही एक उदाहरण हो, लेकिन इसके पीछे छिपा बदलाव बहुत व्यापक है। जयपुर जिले में महज 17 महीनों से भी कम समय में लसाड़िया की तर्ज पर 1800 से अधिक वर्षों से अवरुद्ध रास्तों को खुलवाकर लाखों ग्रामीणों के जीवन को सरल और सुगम बनाया गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के कुशल निर्देशन और सतत मॉनिटरिंग में यह अभियान केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। संवाद, सहमति और समझाइश के माध्यम से वर्षों पुराने विवादों को सुलझाते हुए गांवों, ढाणियों और खेतों तक जाने वाले रास्तों को फिर से जीवंत किया गया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार ने बताया कि 15 नवम्बर 2024 से 29 मार्च 2026 तक की अवधि में इस अभियान के तहत कुल 1 हजार 802 रास्ते खुलवाए जा चुके हैं। प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम 3 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य निर्धारित है।

### फागी में सबसे ज्यादा 154 रास्ते खोले

अभियान के अंतर्गत फागी तहसील ने सर्वाधिक 154 रास्ते खुलवाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मौजमाबाद तहसील में 135 रास्ते खोलकर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई। साथ ही उन्होंने बताया कि चौमूं में 109, शाहपुरा में 106, चाकसू में 100, फुलेरा में 99, जमवारामगढ़ में 96, आमेर में 94, दूदू में 92, रामपुरा डाबड़ी में 91, माधोराजपुरा में 86, बस्सी में 85, जोबनेर में 84, जालसू में 79, कोटख-ावदा में 78, किशनगढ़ में 77, तुंगा में 61, सांगानेर में 39, कालवाड़ में 10 तथा जयपुर तहसील में 5 रास्ते खोले गए हैं। इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ है, जिससे किसानों को खेतों तक कृषि मशीनरी ले जाने और उपज को बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिली है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर हुई है, वहीं विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज जाने में अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती। रास्ता खोलो अभियान ने न केवल भौतिक रूप से मार्गों को खोला है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए वर्षों पुराने विवादों को समाप्त कर सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ किया है। सहमति आधारित इस पहल ने प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास को और मजबूत किया है।




**अभियान से ग्रामीण क्षेत्र में राहत ; आवागमन में परेशानी से छुटकारा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा और जिला प्रशासन के समर्पित प्रयासों से यह अभियान आज ग्रामीण क्षेत्रों में राहत, विश्वास और सुशासन का पर्याय बन चुका है, जो विकास के साथ-साथ जनविश्वास के नए मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है। यह पहल सिर्फ बंद रास्तों को खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों के दिलों में विश्वास, रिश्तों में सामंजस्य और जीवन में सहजता का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है। रास्ता खोलो अभियान ने यह साबित कर दिया है कि जब नीयत साफ हो और प्रयास निरंतर हों, तो प्रशासन केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि बदलाव की एक सशक्त धारा बन सकता है।

# मोदी बोले- जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट



**लोक टुडे। नई दिल्ली/जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वां एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं।

## RCA एडहॉक कमेटी में एमएलए, सांसद व नेताओं के परिवारजनों को तरजीह

**लोक टुडे। जयपुर**

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) की एडहॉक कमेटी में राज्य सरकार ने मंत्री, सांसद सहित विधायकों के बेटों को नियुक्त किया है। कमेटी में बड़ा बदलाव करते हुए सहकारिता विभाग ने भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव को कन्वीनर नियुक्त किया। साथ ही कमेटी में कई नए चेहरों को शामिल किया गया है। इससे संगठन में सियासी हलचल तेज हो गई है। नई एडहॉक कमेटी में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर, पूर्व मंत्री चंद्रराज सिंघवी के पोते अरिष्ट सिंघवी, बीजेपी सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी और हनुमानगढ़ से विधायक संजीव बेनीवाल के बेटे अर्जुन बेनीवाल को सदस्य बनाया गया है।

**दो वर्ष से कमेटी का कार्यकाल बढ़ा रही सरकार :** दरअसल, RCA की निर्वाचित कार्यकारिणी को भंग किए जाने के बाद से भजनलाल शर्मा सरकार पिछले दो सालों से लगातार एडहॉक कमेटी का कार्यकाल बढ़ाती आ रही है। इस दौरान संघ के चुनाव लंबित हैं। अब एक बार फिर कमेटी में बड़े बदलाव करते हुए मौजूदा कन्वीनर दीनदयाल कुमावत को पद से हटा दिया गया है। उनके साथ ही भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पिंकेश जैन को भी एडहॉक कमेटी से बाहर कर दिया गया है। सरकार द्वारा गठित इस नई एडहॉक कमेटी का कार्यकाल 3 महीने निर्धारित किया गया है। इस अवधि के दौरान कमेटी के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी पिछले दो साल से लंबित फ्ळअ के चुनाव करवाने की होगी। ऐसे में आने वाले समय में फ्ळअ की सियासत और तेज होने के आसार हैं।

# कॉन्स्टेबल की तस्कर पत्नी को 2 साल की सजा

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर की विशिष्ट एनडीपीएस कोर्ट ने 17 साल पुराने ड्रग्स बरामदगी केस में शनिवार को फैसला सुनाया है। मामला महामंदिर पुलिस थाने के सरकारी क्वार्टर से मादक पदार्थों की बरामदगी से जुड़ा है। विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस केसेज) मधुसूदन मिश्रा की कोर्ट ने पुलिस कॉन्स्टेबल भजनलाल की पत्नी सरिता को मादक पदार्थ रखने का दोषी करार दिया है। कोर्ट ने सरिता को 2 साल की सजा सुनाई है और साथ ही 30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। वहीं, सबूतों के अभाव और पुलिस की तकनीकी खामियों के कारण कोर्ट ने 3 आरोपियों को बरी किया है। इनमें सह-अभियुक्त कॉन्स्टेबल भजनलाल, राजुराम, रणजीत सिंह और तारा सिंह शामलि है।

**सरकारी क्वार्टर में दबिश और ड्रग्स बरामदगी :** मामला 21 मई 2009 का है। तत्कालीन थानाधिकारी ओमप्रकाश गौतम को सूचना मिली थी कि थाना परिसर स्थित सरकारी आवास जो कॉन्स्टेबल भजनलाल, बेल्ट नंबर 1093 के नाम आवंटित था। आवास में अवैध अफीम और स्मैक का धंधा चल रहा है। सूचना पर एसएचओ ने जाब्ते और 2 स्वतंत्र गवाहों (सलीम और देवीलाल) के साथ क्वार्टर पर दबिश दी। मौके पर भजनलाल मौजूद नहीं था, लेकिन उसकी पत्नी सरिता वहां मिली। तलाशी के दौरान दूसरे कमरे में रखी एक बिना ताले की ब्रीफकेस से एक प्लास्टिक पाउच मिला। इसमें 70 ग्राम अफीम, कागज की पुड़ियों में 10 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। 1000, 500 और 100 रुपए के नोटों के रूप में 1,53,900 रुपए की नकदी मिली। इसके अलावा, तलाशी के दौरान सरिता ने सामने पड़े कपड़ों में से एक थैली निकालकर अपने पहने हुए कपड़ों में छिपा ली, जिसे महिला कॉन्स्टेबल से निकलवाने पर उसमें 12 ग्राम अफीम दूध मिला।

**समाज पर प्रभाव बनाम निर्दोष होने का दावा :** विशिष्ट लोक अभियोजक (सरकारी वकील) गोविंद जोशी ने तर्क दिया कि यह कोई साधारण बरामदगी नहीं है, बल्कि पुलिस के सरकारी क्वार्टर में चल रहा अवैध तस्करी का है।

पीके टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

02

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, सोमवार, 30 मार्च, 2026

# जवाहर कला केंद्र में सजा किताबों का महासागर; 5 लाख पुस्तकों की प्रदर्शनी

## देश-दुनिया के लेखकों के साथ चिल्ड्रन सेक्शन बना आकर्षण

**लोक टुडे । जयपुर**

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में इन दिनों किताबों का अनोखा संसार सज गया है, जहां करीब 5 लाख पुस्तकों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है। देश-विदेश के नामी लेखकों की किताबों के साथ खास तौर पर तैयार किया गया चिल्ड्रन सेक्शन बच्चों और अभिभावकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां साहित्य, ज्ञान और मनोरंजन का शानदार संगम देखने को मिल रहा है। जयपुर बुक फेस्टिवल में साहित्य प्रेमियों के लिए देश-दुनिया के चर्चित लेखकों की किताबें एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। उत्सव में युवाओं से लेकर बुजुर्गों और बच्चों तक के लिए अलग-अलग विषयों की पुस्तकें रखी गई हैं, जिन्हें पाठक उत्साह के साथ खरीद रहे हैं। पुस्तक उत्सव में हिंदी और अंग्रेजी साहित्य की कई लोकप्रिय किताबें और चर्चित लेखकों की कृतियां उपलब्ध हैं। यहां प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, गुलजार, चेतन भगत, अमिश त्रिपाठी, सुधा मूर्ति, दुर्जाँय दत्ता, रविन्द्र सिंह जैसे लेखकों की किताबें विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां पांच लाख से अधिक किताबों को प्रदर्शित किया गया है। यहां 'गोदान' (प्रेमचंद), 'मधुशाला' (हरिवंश राय बच्चन), 'हाफ गर्लफ्रेंड' (चेतन भगत), जैसी चर्चित पुस्तकें पाठकों द्वारा खूब पसंद की जा रही हैं।



### अंतरराष्ट्रीय साहित्य और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें

उत्सव में अंतरराष्ट्रीय साहित्य का भी बड़ा संग्रह रखा गया है, जिसमें विश्व प्रसिद्ध लेखकों की किताबें शामिल हैं। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाओं और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी पुस्तकों का भी विशेष सेक्शन बनाया गया है। पुस्तक प्रेमियों को आकर्षित करने के लिए कई स्टॉलों पर विशेष छूट भी दी जा रही है। कई किताबों पर 10 से 50 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है, वहीं 100 और 50 रुपए की नॉवेल भी दी गई है। बच्चों की किताबों पर भी विशेष रियायत दी जा रही है, जिससे अभिभावक अपने बच्चों के लिए बड़ी संख्या में किताबें खरीद रहे हैं।

### बच्चों के लिए विशेष सेक्शन

पुस्तक उत्सव में बच्चों के लिए अलग से बाल साहित्य खंड बनाया गया है। इसमें कहानी की किताबों के साथ-साथ चित्रकारी, पहेलियों और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ी कई किताबें भी रखी गई हैं। बच्चों के बीच हैरी पॉटर श्रृंखला, पंचतंत्र की कहानियां और जंगल बुक जैसी पुस्तकें खासा आकर्षण बटोर रही हैं।

### साहित्य को आमजन तक पहुंचना उद्देश्य

फेस्टिवल के आयोजक अशोक त्रिवेदी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना और साहित्य को आम जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि हमने कोशिश की है कि यहां हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए किताबें उपलब्ध हों

# डोटासरा और जूली के आरोपों पर मंत्री केके विश्नोई ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**लोक टुडे । जोधपुर**



फ्रांस की कंपनी को राजस्थान में इंडस्ट्री लगाने के लिए जमीन में देरी के मामले में फ्रांसीसी राजदूत की ओर से लिखी गई चिट्ठी चर्चा का विषय है। मामले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार के राइजिंग राजस्थान पर सवाल उठाए, जिसको लेकर उद्योग राज्यमंत्री केके विश्नोई ने पलटवार कर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जिस कंपनी को इंडस्ट्री लगाने के लिए जमीन देने के नाम पर विपक्ष के साथी विरोध कर रहे हैं उन्हें खुद भी जानकारी नहीं है। क्योंकि इसी फ्रांसीसी कंपनी साफ्लेट माल्ट ने 2019-20 में कांग्रेस सरकार के समय इंडस्ट्री लगाने के लिए जमीन मांगी थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने जमीन नहीं दी। विश्नोई ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद राजस्थान में 35 लाख करोड़ के टडव राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए हैं। जिसमें 8 लाख करोड़ के टडव धरातल पर भी उतर चुके हैं। राजस्थान औद्योगिक विकास के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। कांग्रेस के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जो काम कांग्रेस नहीं कर सकी, उसे भजनलाल शर्मा सरकार के आते ही किया जा रहा है। इस विषय में फ्रांस के राजदूत की ओर से चिट्ठी लिखने को लेकर कहा कि ये विषय प्रक्रियाधीन था, लेकिन इसमें जानकारी के अभाव में फ्रांस के राजदूत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को चिट्ठी लिख दी। इस मामले में 20 मार्च को फ्रेंच दूतावास की ओर से मुख्यमंत्री को लेटर दिया गया। मंत्री विश्नोई ने कहा कि उसमें शायद राजदूत को जानकारी का अभाव था। उन्होंने कहा कि कंपनी की ओर से जुलाई में टडव किया गया था। जिसमें बूंदी से लेकर कोटा तक उन्हें विकसित और अर्द्ध विकसित जमीन दिखाई गई थी। जिसमें 9 मार्च को कंपनी की ओर से रिको के प्रबंधक को चिट्ठी लेकर अर्द्ध विकसित जमीन लेने की इच्छा जताई थी, जिस पर काम किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस की ओर से अधूरी जानकारी के आधार पर भ्रम फैलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से विकसित भारत की सोच को आगे बढ़ाने के लिए राइजिंग राजस्थान लाया गया। इसी को लेकर सुफले माल्ट की ओर से जुलाई 2025 में टडव किया गया था। जिसमें हमारे द्वारा कंपनी को बूंदी में जमीन प्रस्तावित की गई थी। अगस्त, सितंबर, अक्तूबर, फरवरी मार्च तक बूंदी से लेकर कोटा तक उन्हें जमीन दिखाई जाती है। जिसमें उन्हें विकसित ओर अर्द्ध विकसित जमीन दिखाई जाती है। कंपनी को ओर से पहले विकसित जमीन की ईच्छा जताई गई थी, बाद में अर्द्ध विकसित जमीन लेने के लिए मार्च में रीको के टऊको मेल कर सहमति जताई गई। जिस पर प्रक्रिया चल रही है।

**कांग्रेस ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे :** बता दें कि फ्रांस के राजदूत ने राज्य सरकार को चिट्ठी लिखकर फ्रेंच कंपनी सॉफ्लेट माल्ट इंडिया को हो रही दिक्कतों को दूर करने और कंपनी को बैठक के लिए समय देने का आग्रह किया है। राजदूत ने कंपनी को रीको की तरफ से जमीन देने में देरी करने और सीएम से वार्ता होने के बावजूद महंगी दरों पर जमीन की दरें तय करने पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने सरकार पर इसे लेकर गंभीर आरोप लगाए थे।

# शिक्षण संस्थान को 9 लाख 80 हजार की सहायता

**सीकर से योगेश ऋषिका**



ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान सीकर को ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा सहयोग मिला है। टोंक छिलरी, जिला झुंझुनू के मूल निवासी हरफूल सिंह चौधरी निदेशक एचएससी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने संस्थान को 9,80,000 रुपए की सहयोग राशि भेंट की। संस्थान के अध्यक्ष झाबरमल और कार्यकारिणी सदस्यों ने हरफूल सिंह चौधरी के निवास धापु रेजिडेंसी पर पहुंचकर उनका शॉल, साफा व माल्यार्पण कर सम्मान किया और आभार व्यक्त किया। संस्थान कोषाध्यक्ष रामनिवास मील ने बताया कि हरफूल सिंह चौधरी संस्थान को अब तक 28.30 लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करा चुके हैं। इस अवसर पर भामाशाह के प्रेरणा स्त्रोत विद्याधर सेवदा का भी सम्मान किया गया। संस्थान प्रबंधन परिवार ने भामाशाह के परिवार का आभार व्यक्त किया और उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया।

# विदेशी फोटोग्राफर के गुलाबी हाथी फोटोशूट पर विवाद

## क्रिएटिविटी और पशु सुरक्षा पर वन्यजीव प्रेमियों ने जताई नाराजगी

**लोक टुडे । जयपुर**



जयपुर में एक विदेशी फोटोग्राफर के किए फोटोशूट पर विवाद हो गया है। इस फोटोशूट में हाथी को चमकीले गुलाबी रंग में रंगा गया था, जिस पर लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है। ट्रैवलिंग आर्ट फोटोग्राफर जूलिया बुरुलेवा ने हाल ही इसे सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया। इसके बाद इस फोटोशूट पर ऑनलाइन बहस छिड़ गई। कई लोगों ने तस्वीरों की खूबसूरती की तारीफ की, लेकिन बड़ी संख्या में यूजर्स ने हाथी के साथ इस तरह के व्यवहार को लेकर चिंता जताई। साथ ही वन्यजीवों के इस्तेमाल और उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए। प्रोफेशनल फोटोग्राफर जूलिया बुरुलेव ने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा- इस शूट के लिए भारत आना पूरी तरह सार्थक था। मैंने जयपुर में 6 हफ्ते बिताए। पहले हफ्ते में शहर का पिंक रंग मेरे दिमाग में भर गया था। तब यह आइडिया आया कि हेरिटेज गेट के सामने लोकेशन पर एक गुलाबी हाथी और मॉडल का फोटोशूट किया जाए। यहां हाथी हर जगह हैं। सड़कों पर, सजावट में, वास्तुकला में। लगभग राजस्थान का मुख्य प्रतीक। मैं इसे अपने प्रोजेक्ट में शामिल किए बिना नहीं रह सकती थी। इस फोटोशूट को मॉडल यशस्वी के साथ पूरा किया गया था।

## क्राइम फाइल्स

# शादी में आए परिवार पर लाठी-सरियों से हमला

**लोक टुडे । अजमेर**

अजमेर जिले के नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र के बलवंता गांव में एक युवक व उसके परिवार के साथ लाठी-सरियों और पत्थरों से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित के गले से करीब चार तोला सोने की चेन भी छीन ली। नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सीओ नसीराबाद को सौंपी है। मामले में किशनगढ़ के राजारेडी निवासी युवराज लुवा पुत्र बिरम लाल मेघवंशी ने नसीराबाद सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह परिवार सहित अपनी मौसेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए बलवंता गांव आए थे। रात करीब 10.30 बजे बारात पहुंची और डीजे बज रहा था। इसी दौरान उनका भतीजा राजवीर कार के अंदर बैठकर मोबाइल देख रहा था। तभी गांव के राजेंद्र उर्फ राजू गुर्जर पुत्र मंगला बावला गुर्जर ने 7-8 साथियों के साथ आकर राजवीर को कार से बाहर निकलने का इशारा किया। जब राजवीर नहीं उतरा तो राजेंद्र ने जबरदस्ती कार का दरवाजा खोलकर मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे युवराज ने घटना का कारण पूछा, तो राजेंद्र और उसके साथियों ने लाठियां, सरिया और पत्थरों से युवराज व पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। हमले में युवराज का उल्टा हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया और 8-9 टांके लगे। राजेंद्र ने युवराज के गले में हाथ डालकर लगभग चार तोला सोने की चेन छीन ली। आरोपियों के भागने लगने पर पीछा किया तो उन्होंने फिर से जानलेवा हमला कर दिया।

# पेट्रोल पंप पर सेल्समैन को पीटा

**लोक टुडे । भरतपुर**



भरतपुर में CNG स्टेशन पर कार में पहले गैस भरवाने की बात पर विवाद हो गया। आपसी कहासुनी के बाद सेल्समैन के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। घटना रुदावल थाना क्षेत्र में 28 मार्च सुबह करीब 5 बजे की है, जिसका आज वीडियो सामने आया है। रुदावल थाना SHO नरेश शर्मा ने बताया- काशीराम निवासी चाखंडा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में बताया- वह पेट्रोल पंप पर ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान जयप्रकाश निवासी उच्चैन अपनी गाड़ी में CNG भरवाने के लिए आया। इस दौरान मैं पहले से दूसरी गाड़ी में CNG भरने के बाद रुपए ले रहा था। इसी दौरान जयप्रकाश ने गालियां देते हुए कहा - गाड़ी में CNG डालने की बात पर विवाद करने लगा। विरोध करने पर जयप्रकाश ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया।

**जान से मारने की धमकी, नौकरी से हटाने की चेतावनी :** मारपीट के दौरान आरोपी ने काशीराम को धमकी दी कि वह उसे पेट्रोल पंप पर नौकरी नहीं करने देगा। साथ ही कहा कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इस हमले में काशीराम के चेहरे और शरीर पर चोटें आई हैं।

# सीकर में युवती व महिला लापता

**लोक टुडे । सीकर**

सीकर जिले में 45 साल की महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है। महिला 24 मार्च की दोपहर को घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। अब महिला को पुलिस तलाश कर रही है। महिला के पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें बताया- 24 मार्च की दोपहर करीब 3:30 बजे उनकी पत्नी घर पर थी। इसके बाद पत्नी का कुछ पता नहीं चल पाया। शाम को घरवाले आए, तब इस बारे में पता चला।पत्नी अपने पास एक मोबाइल भी रखती थी। घर से जाते वक्त वह मोबाइल भी साथ लेकर नहीं गई। परिवार ने अपने स्तर पर महिला के पीहर और रिश्तेदारी में भी मालूम किया, लेकिन महिला वहां भी नहीं पहुंची।

इधर, युवती भी लापता सीकर जिले में 19 साल की युवती के भी लापता होने का मामला दर्ज हुआ है। यह युवती 28 मार्च की दोपहर को घर से बिना बताए कहीं चली गई। इस संबंध में युवती के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

विधानसभा अध्यक्ष ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, 5 करोड़ की लागत से होंगे डीएमएफटी के कार्य

# 20 करोड़ से अजमेर में बनेगा बालिका सैनिक स्कूल, वर्क आर्डर की तैयारी

**लोक टुडे। अजमेर**

अजमेर के शैक्षिक इतिहास में जल्द नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। हाथीखेड़ा क्षेत्र में 30 एकड़ क्षेत्र में 20 करोड़ रूपए की लागत से बालिका सैनिक स्कूल बनेगा। इसके वर्क ऑर्डर शीघ्र जारी होंगे। इसके साथ ही सुंदर विलास स्थित मॉडल बालिका स्कूल को सावित्री बालिका प्राथमिक विद्यालय भवन में शिफ्ट किया जाएगा। से में करीब 300 छात्राओं को अन्य स्कूलों में शिफ्ट होने की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। अजमेर उत्तर क्षेत्र की स्कूलों में डीएमएफटी फंड से 5 करोड़ रूपए के विकास कार्य करवाए जाएंगें। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्किट हाउस में अजमेर में शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से हाथीखेड़ा क्षेत्र में बनने वाले बालिका सैनिक स्कूल की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जयपुर में अधिकारियों को फोन कर वर्क ऑर्डर अप्रैल में जारी करने के लिए निर्देशित किया। बालिका सैनिक स्कूल करीब 20 एकड़ जमीन पर बनने जा रहा है। इसे निर्माण पर करीब 20 करोड़ रूपए की लागत आएगी। देवनानी ने शहर में बालिका शिक्षा की एक बड़ी समस्या का समाधान भी किया। उन्होंने सुदर विलास स्थित मॉडल बालिका सीनियर सैकण्डरी स्कूल के भवन संबंधी समस्या पर चर्चा करते हुए इसे सावित्री बालिका प्राथमिक विद्यालय के भवन में संचालित करने के निर्देश दिए। इससे छात्राओं को व स्टाफ को दूसरे स्कूलों में मर्ज नहीं करना पड़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय भवन में पर्याप्त कक्षा कक्ष है। सेफ्टी ऑडिट भी करवा ली गई है। जल्द ही इसे मरम्मत व रंग-रोगन करवा कर बालिकाओं के लिए संचालित करवा दिया जाएगा।



देवनानी ने अधिकारियों से शहर में जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों व कक्षों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि बारिश के समय किसी तरह की दुर्घटना ना हो, इसके लिए जर्जर भवनों की मरम्मत कराई जाए। पीडब्ल्यूडी भी इस दिशा में काम करें। बच्चों को किसी तरह के खतरे में नहीं पढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से डीएमएफटी फंड से स्कूलों में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि 5 करोड़ रूपए से होने वाले यह विकास कार्य जल्द शुरू करवाएं जाएं ताकि विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। श्री देवनानी ने विधायक कोष से स्कूलों में होने वाले कामों की भी समीक्षा की। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों से स्कूलों के सैकण्डरी बोर्ड परीक्षा परिणाम की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अधिक विद्यार्थी 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाएं। स्कूल स्टाफ का मूल्यांकन भी इसी आधार पर हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग नामांकन बढ़ाए। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। आंगनबाड़ी के स्कूल जाने लाय बच्चों का नामांकन किया जाए। शिक्षक स्कूल समय के अतिरिक्त क्षेत्र में संपर्क कर बच्चों को शिक्षा से जोड़ें। इसी तरह अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी दर्शना शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 6 किलो गोल्ड ज्वेलरी के साथ 3 पकड़े

**लोक टुडे। सिरोही**



रेवदर की मंडार पुलिस ने शनिवार देर शाम नाकाबंदी के दौरान एक लग्जरी गाड़ी से करीब 6 किलो से ज्यादा सोने की ज्वेलरी बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद ज्वेलरी के संबंध में कोई बिल या वैध दस्तावेज नहीं दिखाने पर पुलिस ने सारा सामान जब्त कर लिया। सीआई प्रवीण आचार्य ने बताया- शनिवार शाम को टोल नाके के पास एएसआई नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान रेवदर की ओर से आ रही टाटा नेक्सन कार को रोककर तलाशी ली गई। कार में सवार तीनों व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गए, जिस पर पुलिस को शक हुआ और कार की तलाशी लेना शुरू किया गया। पुलिस ने देर रात जब्त की गई ज्वेलरी का वजन करवाया जिसका कुल वजन 6 किलो 319 ग्राम है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए की है।

## मुख्यमंत्री कार्यालय एवं निवास पर बंद रखी बिजली



**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को एकजुट होकर ऊर्जा संसाधनों के समुचित उपयोग में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इसी क्रम में अर्थ ऑवर के तहत मुख्यमंत्री कार्यालय एवं निवास पर शनिवार रात को 8.30 बजे से 9.30 बजे तक एक घंटे के लिए बिजली बंद रखी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय एवं निवास में सभी लाइट्स एवं उपकरण बंद रहे और कार्मिकों ने मोमबत्ती की रोशनी में कार्य किया। शर्मा ने कहा कि ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग से ही आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने आमजन से सभी ऊर्जा संसाधनों के सदुपयोग की इस मुहिम को केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन अपनाने की अपील की।

## दुकान में आग, 15 लाख नुकसान की आशंका

**लोक टुडे। बीकानेर**

बीकानेर के लूणकरणसर तहसील क्षेत्र में महाजन उप तहसील के अर्जुनसर गांव के मुख्य बाजार में रविवार को सुबह 7 बजे एक दुकान में भीषण आग लग गई। आग में लपटे पास की दूसरी दुकानों तक पहुंची। आग की इस घटना में लाखों रुपए के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अर्जुनसर सरपंच सुमन गवारिया के पति पवन गवारिया की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदार व स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। फायर ब्रिगेड के समय पर नहीं पहुंचने के कारण स्थानीय नागरिकों ने अपने स्तर पर ही आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग बुझाने के लिए ग्रामीणों को काफी संघर्ष करना पड़ा। आग अचानक भड़की और तेजी से फैलने लगी। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान मौके पर पहुंचे। पानी के टैंकर और स्प्रे मशीनों (ढोल) के जरिए आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि दुकान की छत गिर गई और लपटें आसपास की दुकानों की ओर बढ़ने लगीं।

**10 से 15 लाख रुपए नुकसान का अंदेशा :** प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस आगजनी में करीब 10 से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान में रखा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना के दौरान क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की अनुपलब्धता साफ नजर आई।

## जालोर में बिना वर्दी बस चलाने पर रोडवेज का चालान

**लोक टुडे। जालोर**



जालोर में यातायात पुलिस ने पहली बार राजस्थान रोडवेज बस का चालान किया। अस्पताल चौराहे पर जांच के दौरान बस के ड्राइवर और कंडक्टर बिना वर्दी के ड्यूटी करते मिले। नियम उल्लंघन पर मौके पर चालान काटा गया और बस की लॉगबुक जब्त की गई। यह कार्रवाई जालोर डिपो की जोधपुर जा रही बस पर की गई। हेड कांस्टेबल मदनसिंह यातायात ड्यूटी के दौरान अस्पताल चौराहे पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान जालोर डिपो की एक रोडवेज बस को रुकवाया गया, जो जोधपुर की ओर जा रही थी। जांच में ड्राइवर और कंडक्टर दोनों बिना वर्दी के मिले। नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बस का चालान काटा। साथ ही सख्ती दिखाते हुए बस की लॉगबुक भी जब्त कर ली गई।

## फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी एनालिसिस डैशबोर्ड को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025

**लोक टुडे। जयपुर**

राज्य के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा विकसित फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी एनालिसिस डैशबोर्ड को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 28 मार्च, 2025 को नई दिल्ली स्थित नेशनल हैबिटेट सेंटर में आयोजित स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया। राज्य की ओर से



यह पुरस्कार डॉ. प्रवीण कुमार, सहायक निदेशक, एस.डी.जी. को ऑर्डिनेशन एंड एक्सीलरेशन सेंटर ने समारोह में ग्रहण किया। यह डैशबोर्ड राज्य में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा की स्थिति का जिलेवार आकलन प्रस्तुत करता है। विश्व स्तर पर स्थापित मानकों के आधार पर तैयार यह प्लेटफॉर्म नीति-निर्माताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सटीक एवं विस्तृत विश्लेषण उपलब्ध कराता है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। उल्लेखनीय है कि इस डैशबोर्ड का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा वर्ष 2024 में किया गया था। यह उपलब्धि राज्य के डेटा-आधारित सुशासन एवं पोषण सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

## मुख्यमंत्री ने हाफ मैराथन का किया फ्लैग ऑफ

**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तन और मन से स्वस्थ रहना सुखी जीवन का मूल आधार है। हमारा देश युवाओं का देश है और इसी युवा तरुणाई को सिंचित रखने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब युवा बढ़ेगा तभी समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। ऐसे में युवा अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाएं और अपने उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए देश-प्रदेश के विकास में योगदान दें। शर्मा रविवार को




जयपुर के अजमेर रोड स्थित महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में द टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित हाफ मैराथन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए सरकारी और निजी नौकरियों के साथ स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर प्रदान कर राज्य सरकार ने सवा दो साल में उनका भविष्य सुरक्षित करने का कार्य किया है। श्री शर्मा ने आह्वान करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में सरकार की योजनाएं और नीतियां युवाओं पर केंद्रीत हैं। अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने हाफ मैराथन का फ्लैग ऑफ करने के बाद पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान अनुराग अग्रवाल, अमित कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। मैराथन में लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक **लोक टुडे**
www.loktodaynews.com



जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, सोमवार, 30 मार्च, 2026

### जमवारामगढ़ में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में सीएम का गहलोत पर तंज, बोले -

# कान खोलकर सुने आपके भ्रष्टाचार, झूठ और लूट की कहानी बंद होने वाली नहीं

**लोक टुडे । जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर तंज कसते हुए कहा- कभी-कभी तो मुझे बड़ा तरस आता है। वैसे आप वरिष्ठ नेता हैं, मेरी संवेदनाएं आपके साथ हैं, क्योंकि जैसा करेगा वैसा भरेगा। भजनलाल शर्मा ने आगे कहा- आपने जैसा किया, वैसा आप भर रहे हैं। जिनको आपने नकारा और निकम्मा कहा, केंद्र में उनकी चल रही है, तो आप तड़प रहे हैं। यह तो समय है, बड़ा बलवान है। आपने तड़पाया तो तड़पना तो आपको भी पड़ेगा। भजनलाल ने कहा- मेरी संवेदना इसलिए भी है कि आपने (अशोक गहलोत) और सोनिया गांधी ने अपने बेटों को लॉन्च करने के लिए लगातार प्रयास किए। सोनिया गांधी राहुल गांधी को बार-बार लॉन्च करती हैं, पता नहीं कितनी बार लॉन्च कर दिया। आप अपने बेटे को यहां लॉन्च करते हैं, पता नहीं कितनी बार कर दिया। फिर भी ढाक के तीन पात आते हैं। क्या कारण है, इस पर भी विचार कीजिए। जयपुर के जमवारामगढ़ में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ये बातें कही। भजनलाल शर्मा जमवारामगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए पहुंचे थे।



## इनकी आपस में लड़ाई चल रही है

सीएम ने कहा- आप राजनेताओं के बेटों के बारे में बोल रहे हैं। माननीय, जरा गिरेबान में झांक कर देख लीजिए। जब एक उंगली सामने वाले की तरफ करते हैं तो चार उंगलियां अपनी तरफ भी आती हैं। विचार कर लीजिए, आपने क्या-क्या किया था। आपने तो उन लोगों के सपनों को रौंदने का काम किया था और आज भी आप वही कर रहे हैं। कोई कांग्रेस का नेता थोड़ा सा बोलता है तो यह बीच में आकर कहते हैं कि यह क्यों बोल गया। अभी भी इनकी आपस में लड़ाई चल रही है, अरे भाई, आपस में लड़ाई चल रही है आपकी, तो हम बोलने के लिए थोड़े ही मना कर रहे हैं। लेकिन मैं आपसे कहना चाहता हूं, कान खोलकर सुन लीजिए कि आपके भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, झूठ और लूट की कहानी बंद होने वाली नहीं है। जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, एक-एक को सजा मिलेगी, पूरी मिलेगी।

## ग्रामीणों को समस्याए सुनकर आश्वस्त किया, अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा- आजकल कांग्रेस के लोगों में बड़ी होड़ लग रही है और आप देख रहे हैं होड़ कैसी लग रही है। कुछ तो ट्विटर मास्टर ही बनते जा रहे हैं। आप राजस्थान के भाई-बहनों से पूछिए कि आपने क्या स्थिति पैदा की थी। आप इंतजार शास्त्र क्या, आप झूठ का शास्त्र देखिए, आपके भ्रष्टाचार का शास्त्र देखिए। जेजेएम (जल जीवन मिशन) में आपने कितने घोटाले किए, आपके मंत्री और अधिकारी भी जेल में जा रहे हैं, जरा उस पर भी बोलिए। आपने युवाओं के सपनों को रौंदने का काम किया, भ्रष्टाचार किया, जरा उस पर भी बोलिए। आपने किस तरह से युवाओं के पेपर लीक किए थे, उस पर भी बोलिए। किस तरह से आपके एक नेता अजमेर से चले थे, उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ रैली निकाली, उनके पैरों में छाले पड़ गए, जरा उनको भी देखिए। मैं आपसे यही कहूंगा कि राजस्थान की जनता पूरा हिसाब मांगती है। हमने विधानसभा में 5 साल बनाम 2 साल का प्रतिवेदन रखा था। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि माननीय, आप उसका भी जवाब दीजिए। आप तो राजस्थान की जनता को इतना ही बता दीजिए कि आपने कौन सी बड़ी योजना राजस्थान को दी।

# सोनाक्षी सिन्हा बदमाशों का पीछा करते हुए पहुंची शाहपुरा

### दहाड़ सीजन-2 की जयपुर में चल रही है शूटिंग

**लोक टुडे । जयपुर**

जयपुर के शाहपुरा के राडावास गांव में दहाड़ सीरीज के दूसरे सीजन की शूटिंग चल रही है। इस सीरीज में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा पिछले कई दिनों से जयपुर के विभिन्न इलाकों में अलग-अलग लोकेशनों पर शूटिंग कर रही हैं। शूटिंग के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। एक शूटिंग सीन में सोनाक्षी सिन्हा पुलिस अधिकारी के रूप में बदमाशों की तलाश में पुलिस वैन से गांव पहुंचती हैं। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचती है, बदमाशों के



साथ उनकी जबरदस्त मुठभेड़ शुरू हो जाती है। शूटिंग देखने के लिए मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई है।

**रीमा कागती कर रही हैं सीरीज का निर्देशन :** पहले सीजन को दर्शकों से मिली जबरदस्त सराहना के बाद अब दहाड़ सीजन-2 को और अधिक रोचक, रहस्यमय और एक्शन से भरपूर बनाया जा रहा है। कहानी को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए राजस्थान के ग्रामीण परिवेश और वास्तविक लोकेशनों का उपयोग किया जा रहा है। वेब सीरीज का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक रीमा कागती कर रही हैं, जबकि इसका निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा के साथ विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# मारवाड़ में छुट्टियां मनाने पहुंचीं मलाइका अरोड़ा

**लोक टुडे । जयपुर**

फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा रविवार को राजस्थान के पाली जिले के नारलाई स्थित प्राचीन आदिनाथ जैन मंदिर में दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मलाइका के आने की सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग उनकी एक झलक पाने और उनके साथ तस्वीरें लेने के लिए उत्सुक दिखे। जानकारी के अनुसार, मलाइका अरोड़ा इन दिनों मारवाड़ क्षेत्र में छुट्टियां मनाने आई हैं। वो नारलाई के विरासत होटल रावला नारलाई में ठहरी हुई हैं।



बताया जा रहा है कि वो यहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण का अनुभव कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि नारलाई एक धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। आदिनाथ जैन मंदिर के अलावा, यहां तपेश्वर महादेव मंदिर और जैकल नाथ महादेव मंदिर भी स्थित हैं। यह क्षेत्र लेपर्ड सफारी के लिए भी प्रसिद्ध है। इन आकर्षणों के कारण नारलाई में साल भर देश-विदेश से पर्यटक आते रहते हैं। मलाइका अरोड़ा के इस दौरे से क्षेत्र के टूरिज्म को और बढ़ावा मिलेगा। बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा हाल ही में जयपुर में नजर आए। दोनों कलाकार अपनी आगामी फिल्म राहू केतू के प्रमोशन के लिए जयपुर आए थे। जयपुर विजिट के दौरान दोनों ने शहर की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक स्वाद का अनुभव लिया।

# औद्योगिक इकाइयों को सीईटीपी से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता

## मुख्य सचिव ने किया सांगानेर स्थित सीईटीपी एवं द्रव्यवती नदी क्षेत्र का निरीक्षण

**लोक टुडे । जयपुर**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा रविवार को सांगानेर स्थित कॉमन एफलुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) एवं द्रव्यवती नदी के आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने इस दौरान निर्देश दिए कि सांगानेर एनवायरों प्रोजेक्ट डवलपमेंट द्वारा ब्राह्मणों की ग्वार में प्रस्तावित पंपिंग स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, जिससे शेष 134 उद्योगों को सीईटीपी से जोड़ा जा सके। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सांगानेर एनवायरों प्रोजेक्ट डवलपमेंट को अपने सदस्यों से विचार-विमर्श कर सीईटीपी के संचालन में भी आ रही तकनीकी खामियों के निवारण हेतु प्रयास करने एवं इस संबंध में समयबद्ध कार्ययोजना राज्य सरकार को प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देश है कि सभी औद्योगिक इकाइयों को सीईटीपी से शीघ्र जोड़ा जाए और इसका उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

**दोषी उद्योगों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई :** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा नियमों की पालना नहीं पाए जाने पर, दोषी उद्योगों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करने हेतु राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को निर्देशित किया गया, जिससे द्रव्यवती नदी में इन उद्योगों द्वारा डाले जाने वाले प्रदूषित औद्योगिक जल की समस्या का स्थाई समाधान हो सके। सीईटीपी से जुड़े सभी वस्त्र प्रसंस्करण उद्योगों को मण्डल से सम्मति प्राप्त कर ही उद्योग के संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए।

**सांगानेर में हो रहा है 12.3 एमएलडी सीईटीपी का संचालन :** सांगानेर एनवायरों प्रोजेक्ट डवलपमेंट के डायरेक्टर प्रवीण शाह ने बताया कि 892 वस्त्र प्रसंस्करण उद्योगों के लिए सांगानेर स्थित 12.3 एमएलडी क्षमता के सीईटीपी का संचालन सांगानेर एनवायरों प्रोजेक्ट डवलपमेंट द्वारा किया जा रहा है।

## क्राइम फाइल्स

### जीणमाता एरिया में गांजा बेचने वाला बुजुर्ग गिरफ्तार

**लोक टुडे । सीकर**



सीकर की जीणमाता थाना पुलिस ने गांजा बेचने के मामले में बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। बुजुर्ग के पास से 237.85 ग्राम गांजा भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दिया है। SHO राकेश कुमार मीणा के मुताबिक आरोपी भोलूराम (35) पुत्र नाथूराम निवासी कोछोर को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल पुलिस टीम रात को गश्त कर रही थी। इसी दौरान खालडा एरिया की तरफ सड़क किनारे एक बुजुर्ग हाथ में थैला लेकर पैदल घूमते नजर आया। पुलिस की गाड़ी को देखकर उसने भागने की कोशिश की। पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। इसलिए पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो थैले से 237.85 ग्राम गांजा मिला। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग आरोपी किसी बड़े तस्कर से गांजा खरीदकर लाता और फिर जीणमाता तथा आसपास के ग्रामीण एरिया में पुड़िया बनाकर बेचता था।

### ट्रेनी RPS को धमकाने और चोटिल करने वाला गिरफ्तार


#### सोशल साइट्स पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी

**लोक टुडे । अजमेर**

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पूछताछ करने गए प्ढर दीपेंद्र सैनी को धमकाने और चोटिल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया था। आरोपी श्यामलाल उर्फ सावरा से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि मामला मांगलियावास थाने में दर्ज किया गया था और जिसकी जांच पीसांगन थाना प्रभारी सरोज चौधरी कर रही हैं।

**ये था मामला :** ट्रेनी प्ढर दीपेंद्र सैनी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि 27 मार्च की दोपहर वह पुलिस टीम के साथ फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणियों के मामले में आरोपियों से पूछताछ करने ग्राम डुमाड़ा पहुंचे। वहां पहले से मौजूद कॉन्स्टेबल विजेंद्र कुमार के साथ वे आरोपी गोपाल गुर्जर के घर गए, लेकिन गोपाल नहीं मिला। इसके बाद टीम दूसरे आरोपी श्यामलाल उर्फ सावरा के घर पहुंची। श्यामलाल घर पर था। जब दीपेंद्र सैनी उससे बात करने लगे तो उसने कहा, मैं पैंट पहनकर आता हूं और अचानक भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। श्यामलाल करीब 500 मीटर दूर एक बाड़े में घुस गया। जब दीपेंद्र सैनी ने उसे पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाया तो आरोपी ने जानबूझकर बाड़े का लोहे का गेट जोर से घुमाया। इससे दीपेंद्र सैनी का दायां हाथ गेट के बीच फंस गया। एक अंगुली में गहरी चोट आई और खून बहने लगा। बावजूद इसके दीपेंद्र सैनी ने आरोपी को समझाने की कोशिश की, लेकिन श्यामलाल ने गेट नहीं खोला और भाग निकला। बाद में दीपेंद्र सैनी ने अपना इलाज करवाया और थाने पहुंचकर श्यामलाल उर्फ सावरा के खिलाफ राजकीय कार्य में बाधा डालने व जानबूझकर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कराया।

### एरिया डोमिनेशन अभियान में कार्रवाई, 4 हिस्ट्रीशीटर सहित 13 गिरफ्तार



**राजसमंद से गौतम शर्मा**

जिले में चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। अभियान के दौरान कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 17 वारंटों का निस्तारण किया गया। राजस्थान पुलिस के महानिदेशक के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल महेन्द्र पारीक एवं नेत्रपाल सिंह के सुपरविजन में कार्रवाई की गई। थानाधिकारी सरोज बैरवा के नेतृत्व में थाना स्तर पर 4 टीमों का गठन कर अभियान के तहत स्थायी वारंटी, गिरफ्तार वारंटी का निस्तारण किया गया। इसके अलावा 4 हिस्ट्रीशीटर व आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)